तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न व तारीख अल्काम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	गोविन्द राजपुरोहित **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, '(अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353513495547786	
24/06/25	अपीलार्थी गोविन्द राजपुरोहित निवासी हाउस नं. 18, द्वितीय बी रोड, सरदारपुरा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 13.05.2025 को जिला जन अभियोग निराकरण एवं सर्तकता समिति समिति, जोधपुर में प्रार्थी के दर्ज प्रकरण संख्या 1901/2024 में प्रार्थी की शिकायत की शिकायत की सत्यापित प्रति की सूचना एवं अन्य बिन्दुओ से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 628 दिनांक 23.06.2025 से बतलाया कि प्रभारी अधिकारी सतर्कता शाखा कार्यालय हाजा ने पत्र दिनांक 03.06.2025 से अवगत कराया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के कुल 48 पृष्ठ हो रहे है। प्रभारी अधिकारी सतर्कता शाखा कार्यालय हाजा की रिपोर्ट अनुसार कार्यालय के पत्र दिनांक 04.06.2025 के द्वारा कुल 48 पृष्ठों की नियमानुसार 02 रूपये प्रति पेज के हिसाब से राशि रूपये 96/– जमा करवाने हेतु अपीलार्थी को लिखा गया, अपीलार्थी द्वारा उक्त राशि आदिनांक तक जमा नही करवाई गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्राप्त करने हेतु नियमानुसार राशि कार्यालय में जमा नही करवाई गई जिस कारण लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाया जाना संभव नही है। अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। अपीलार्थी सूचना प्राप्त करने हेतु नियमानुसार शुल्क लोक सूचना अधिकारी कार्यालय में जमा करवाकर तैयार सूचना प्राप्त कर सकता है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर कृते जिलाधीश सूचना प्रकाशक अधिकारी Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation : Collector & District Magistrate Date: 2025.06.2[illegible] 17:03:27 IST Reason: Approved	